घोटाला | मुख्य मार्ग से टिकरा टोला तक 3 लाख रुपये की लागत से बनी थी

# रमपुरी की सीसी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



**अमरपुर नवभारत 18 जनवरी।** एक तरफ प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का दावा कर रही हैं, वहीं पर दूसरी ओर डिंडौरी जिले की जनपद पंचायत अमरपुर इन दावों पर पानी फेरते नजर आ रही हैं।

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रमपुरी द्वारा 15वें वित्त योजनांतर्गत मुख्य मार्ग से टिकरा टोला की ओर जाने वाले मार्ग पर 3 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया गया हैं। इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, तत्कालीन प्रभारी मंत्री डॉ मोहन यादव, तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक भूपेंद्र मरावी के करकमलों द्वारा किया गया था।

### पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई सड़क

सड़क बन तो गई, लेकिन 6 माह में ही उखड़ने लगी और अब पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इस सड़क पर नंगे पैर पैदल चलना मुश्किल है, जबकि वाहन चलना भी जोखिम भरा हैं। उक्त सड़क पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ना ही कहा जा सकता हैं। ऐसे भी इस ग्राम पंचायत द्वारा किए गए सभी निर्माण कार्य इसी प्रकार किए गए हैं।

### पंचायतों को शायद नहीं मिलता तकनीकी मार्गदर्शन

ऐसा लगता कि ग्राम पंचायतों को तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होता, जिसके कारण निम्न स्तर का निर्माण कार्य हुआ हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी से इस संबंध में जानकारी लेना चाही तो उनका कहना था कि इस संबंध में सहायक यंत्री से बात करें। परन्तु सहायक यंत्री कार्यालय में नहीं मिली।

**इनका कहना है**

निर्माण कार्य बहुत खराब हुआ हैं। मेरे द्वारा शिकायत की गई थी, जिसका कोई निराकरण नहीं हुआ।

**कृष्ण कुमारी बरौतिया, जनपद सदस्य**

# ठेकेदार पर वसूली में मनमानी का आरोप, वीडियो वायरल

**मालपुर में आयोजित मकर संक्रांति मेले में दुकान संचालन शुल्क वसूली को लेकर विवाद**




**शहपुरा नवभारत 18 जनवरी।** शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत मालपुर कन्हैया संगम घाट पर आयोजित मकर संक्रांति मेले में ठेकेदार की मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। व्यापारियों से तय दर से अधिक शुल्क वसूलने के आरोप लगाए गए हैं। मामले से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार मालपुर कन्हैया संगम घाट पर 13 जनवरी से 18 जनवरी तक छह दिवसीय मकर संक्रांति मेले का आयोजन किया गया था। मेले के संचालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से ठेका दिया गया था। नीलामी शर्तों में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि दुकान संचालन शुल्क केवल एक बार ही लिया जाएगा।

### निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगी जा रही

व्यापारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने निर्धारित दर से अधिक शुल्क वसूला। ग्राम पंचायत की नीलामी सूचना के अनुसार दुकान शुल्क 1 रुपये प्रति स्क्वेयर फीट तय किया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा इससे अधिक राशि की मांग की गई।

### सोशल मीडिया से संज्ञान, मौके पर पहुंचे सरपंच

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच लखन परस्ते ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से चर्चा की। सरपंच लखन परस्ते का कहना है कि बातचीत के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि ठेकेदार द्वारा तय राशि से अधिक वसूली की गई है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में व्यापारियों की शिकायतें सही पाई गई हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा आपात बैठक बुलाकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव लाया जाएगा।

### जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

पूरे मामले में मेला संचालन और निगरानी से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी होती तो उन्हें अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ता। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। अब देखना होगा कि दोषियों पर क्या ठोस कार्रवाई की जाती है।



# नर्मदा डैम घाट पर लगा स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए नि:शुल्क सुविधा**

**डिंडोरी,नवभारत 18 जनवरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में जिला आयुष विभाग द्वारा नर्मदा डैम घाट पर परिक्रमा वासियों के लिए नि:शुल्क आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर निरंतर संचालित किया जा रहा है। यह शिविर 16 जनवरी से नियमित रूप से चल रहा है, जिसमें डॉक्टरों की टीम प्रतिदिन सेवाएं दे रही है। रविवार 18 जनवरी को कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया ने नर्मदा डैम घाट पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने परिक्रमावासियों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं और त्वरित उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परिक्रमावासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी आवश्यकता पर शिविर में नि:शुल्क उपचार व दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक डॉक्टरों की टीम दे रही सेवा

आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक डॉक्टरों की टीम सेवाएं दे रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, डस्टबिन की उपलब्धता, यातायात सुचारू रखने एवं अव्यवस्थित भंडारों, बैनर-फ्लेक्स पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# जैविक व प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

**बजाग में दो दिवसीय एमआईडीएच बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

**बजाग,नवभारत 18 जनवरी।** उपसंचालक उद्यानिकी विभाग द्वारा संजय निकुंज नर्सरी, बजाग में दो दिवसीय एकीकृत बागवानी मिशन (एमआईडीएच) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आय में वृद्धि करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हीरा रुद्रशे परस्ते रहीं, जबकि अध्यक्षता थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम ने की। प्रथम दिवस किसानों को उन्नत फलदार किस्में, पौधशाला प्रबंधन, वैज्ञानिक रोपण, ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई, जैविक व प्राकृतिक खेती तथा कीट-रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### किसानों की शंकाओं का किया समाधान

द्वितीय दिवस एमआईडीएच योजना अंतर्गत अनुदान, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया गया तथा किसानों की शंकाओं का समाधान किया गया।

अंत में किसानों को फलदार पौधों का वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। दो दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 200 किसानों ने भाग लेकर आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।



# पिपरिया बीट में मिला मादा बाघ का शव



**बैटरी के करंट से कैसे मर सकता है बाघ, वन विभाग का तर्क समझ से परे**

**चिल्हारी नवभारत 18 जनवरी।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर परिक्षेत्र अंतर्गत पिपरिया बीट में शुक्रवार को एक मादा बाघ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बाघ की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। प्रारंभिक जांच में खेत में लगी सोलर करंट फेंसिंग में उलझने से करंट लगना संभावित कारण बताया जा रहा है, हालांकि यह तर्क कई जानकारों और स्थानीय लोगों को सहज रूप से स्वीकार्य नहीं लग रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार सोलर पावर फेंसिंग फसलों को जंगली व आवारा जानवरों से बचाने का सुरक्षित और मान्यता प्राप्त माध्यम है। यह प्रणाली पशुओं को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि डराकर खेतों से दूर रखने के उद्देश्य से बनाई गई है। इसमे कम पावर का डीसी करंट निश्चित अंतराल पर प्रवाहित किया जाता है, जिससे पशु को केवल झटका लगता है, मृत्यु की संभावना नहीं होती।

### कैसे काम करती है सोलर पावर फेंसिंग

इस प्रणाली में खेत के चारों ओर स्टील के तारों की बाउंड्री बनाई जाती है। सोलर प्लेट से 12 वोल्ट की बैटरी चार्ज होती है, जो फेज कंट्रोलर से जुड़कर तारों में डीसी करंट प्रवाहित करती है। यह करंट एक-एक सेकंड के अंतराल में आता है। तार के संपर्क में आते ही जानवर को तेज झटका लगता है और अलार्म बज उठता है, जिससे किसान को भी जानकारी मिल जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार डीसी करंट और रुक-रुक कर प्रवाह के कारण यह प्रणाली सामान्यत: नुकसानरहित मानी जाती है।

### पोस्टमार्टम के बाद किया गया अंतिम संस्कार

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मृत बाघ मादा थी, जिसकी आयु लगभग 4 से 5 वर्ष आंकी गई है। घटना स्थल निजी राजस्व भूमि में स्थित है, जो धमोखर बफर क्षेत्र से लगभग 700 मीटर दूर है। शनिवार को डॉग स्क्वाड से घटना स्थल और शव की जांच कराई गई। मेटल डिटेक्टर से भी परीक्षण किया गया। इसके बाद सक्षम वन्य चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। आवश्यक नमूने अधिकृत प्रयोगशाला भेजे गए। समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बाघ के शव का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया।



# भंडारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के समीपी ग्राम महरोई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। भिन्डारे का प्रसाद ग्रहण करने हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहीं। भागवताचार्य गोविन्द नारायण शुक्ला ने श्रद्धालुओं को बताया कि पंच महाभूतों से बने शरीर का पंच भूत ही आधार है। इन्हीं पांच भूतों से शरीर का धर्म पोषण होता है। जीव प्रभू का अंश है, प्रभू से ही जीव को आनन्द सुख की अनुभूति प्राप्त होती है। प्रकृति एवं परमात्मा ही हमारे माता-पिता है।

# हनुमान चालीसा का पाठ कर निकाली गई रैली



**अमरपुर नवभारत 18 जनवरी।** डिंडोरी जिले के अमरपुर जनपद मुख्यालय में हिंदू सम्मेलन का आयोजन मां नर्मदा सेवा समिति अमरपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक सलवाह रोड एसबीआई बैंक के पीछे अमरपुर में संपन्न हुआ।

यहां सकल हिंदू समाज के लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी उपस्थित दर्ज कराई। बता दें कि हिंदू सम्मेलन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सकल हिंदू समाज द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तो वही इस दौरान भारत माता की आरती आयोजित की गई। कार्यक्रम में गौ पूजन के साथ ही कन्या पूजन कार्यक्रम विधि विधान से किया गया। इस दौरान रैली अमरपुर मुख्यालय से निकाली गई, जो कार्यक्रम स्थल से जनपद पंचायत अमरपुर तिराहा पहुंची। जनपद मुख्यालय भ्रमण के पश्चात रैली का समापन कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भंडारे का आयोजन नागा संत श्री श्री कैलाश द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# भारत माता की आरती के साथ हिंदू समाज की निकली पदयात्रा



**शहपुरा नवभारत 18 जनवरी।** नगर में रविवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक भव्य सकल हिंदू पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा आगामी 20 जनवरी को श्री राम जानकी मंदिर, बाजार चौक शहपुरा में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण के उद्देश्य से निकाली गई।पदयात्रा की शुरुआत शहपुरा जनपद पंचायत प्रांगण से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। शहीद स्मारक पहुंचकर मां भारती की विधिवत एवं भव्य आरती संपन्न कर देशभक्ति और धार्मिक एकता का संदेश दिया गया।

**सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए युवा**-सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आगामी 20 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर एकजुटता का परिचय देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का माध्यम बनेगा। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, बुजुर्ग व महिलाएं शामिल रहीं।

# मूक पशुओं की मौत से मचा हड़कंप

**अवैध शराब का जहर और आबकारी विभाग की लापरवाही का नतीजा**

**चिल्हारी नवभारत 18 जनवरी।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की निष्क्रियता अब खुले तौर पर सामने आने लगी है। चंदिया थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में हुई घटना ने यह साबित कर दिया है कि कागजी कार्रवाई और दावों के बीच जमीनी हकीकत कितनी भयावह है।

गांव में कच्ची शराब बनाने के बाद बचे जहरीले महुआ को खुले में फेंक दिया गया, जिसे खाने से पांच गायों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य मवेशियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार अवैध शराब का निर्माण लंबे समय से चल रहा है, लेकिन आबकारी विभाग ने कभी गंभीरता से निगरानी नहीं की। शराब बनाने के बाद बचे महुआ को बिना किसी डर के खुले मैदान में फेंक दिया गया। भूखी गायों ने उसे खा लिया और कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। तड़पती गायों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है।



# लाड़ली बहना की राशि से चला रहे घर का खर्च

**ग्राम पंचायत चिल्हारी में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित**

**चिल्हारी नवभारत 18 जनवरी।** महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास को लेकर के शनिवार को ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई इसमें बताया गया कि महिलाएं अपन घरों को सशक्त व मजबूत बनाने में योगदान दें। इस दौरान पंचायत में समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

महिलाओं ने बताया कि हम बहुत खुश हैं। पहले हम लोगों को घर का खर्च चलाने में कई समस्याएं आती थीं, लेकिन आज मुख्यमंत्री द्वारा हमें जो भी सहयोग राशि दी जाती है हम अपने घर परिवार को सशक्त व मजबूत बनाने में पैसा खर्च करते हैं। कार्यक्रम में पंचायत सचिव शुभदेश श्रीवास्तव, सरपंच अरुणा दिनेश कोल, उप सरपंच कमलेश रामसूजान पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा गुप्ता, तुलसा मिश्रा, पत्रकार रंजीत कुशवाहा व सैकड़ो की तादाद में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांव के विकास से ही देश का विकास संभव : तिवारी




**विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम आयोजित**

**अमरपुर नवभारत 18 जनवरी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय निर्देशानुसार एवं जिला डिंडौरी की मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम मध्य प्रदेश अभियान शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मालती तिवारी जनपद सदस्य अमरपुर रही। मुख्य अतिथि रामनाथ उद्दे स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच तथा मानिक लाल यादव सामाजिक कार्यकर्ता विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अमरू सिंह ठाकुर तथा साहब लाल पुषाम उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक एवं पुष्पहार से किया गया। इसके बाद विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान की जानकारी देते हुए सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने की जानकारी दी।

### नशा मुक्ति पर दी गई विस्तृत जानकारी

विशिष्ट अतिथि और मुख्य अतिथि गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा नशा मुक्ति विषय पर विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई। मानिक लाल यादव द्वारा स्वदेशी जागरण के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञ द्वारा सर्वप्रथम डॉ. सुनील काकोड़िया शासकीय महाविद्यालय अमरपुर द्वारा उपस्थित छात्र छात्राएं एवं समिति कार्यकर्ताओं को कैरियर परामर्श के विषय में जानकारी दी गई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ता सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं को अंक सूची प्रदान की गई तथा छात्र एवं समिति द्वारा किए गए नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष मालती तिवारी ने कहा कि समाज हित में कार्य कर रहे पर्यावरण संरक्षण, सामूहिकता, स्वैच्छिकता, स्वालंबन से ही ग्रामों का विकास संभव हो पाएगा और गांव के विकास से ही देश का विकास संभव हैं।



# पतौर में सरसों की खेती का किया अवलोकन

**विभिन्न ग्राम पंचायतों का कैबिनेट सचिव ने किया निरीक्षण**

**चिल्हारी नवभारत 18 जनवरी।** जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो मे चल रहे कृषि आजीविका से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की सरकार के कैबिनेट सचिव तरुण कुमार पिथोड़े ने निरीक्षण कर जानकारी ली।

इस दौरान ग्राम पंचायत चिल्हारी स्थित तालाब में समूह द्वारा किये जा रहे सिंघाड़ा एवं मछली पालन की जानकारी प्राप्त की तथा ग्राम अमरपुर, बचहा एवं पतौर में सरसों की खेती का अवलोकन किया तथा किसानों से रूबरू चर्चा की। इसके अलावा गड़रिया टोला स्थित राइस मिल में चावल की क्वालिटी भी देखी। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन सहित कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों से हुए रूबरू

बता दें कि भारत सरकार के कैबिनेट सचिव तरुण कुमार पिथोड़े उमरिया जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। जहां वे प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक में बतौर अध्यक्ष शामिल होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों मे कृषि एवं मत्स्य आजीविका संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की जानकारी प्राप्त कर किसानों से भी रूबरू हुए।